नगर संस्करण

www.facebook.com/rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www.rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

लखनऊ

शुक्रवार • 3 मार्च • 2023

पृष्ठ 14, मूल्य ₹ 4.00

आयशा जुल्का के लिए मैंने पहला गीत कोरियोग्राफ किया : फराह खान

पेज-13

डिप्टी सीएम ने किया सर्वोटेक पावर सिस्टम्स स्टॉल का उद्घाटन

लखनऊ (एसएनबी)। लीडिंग ईवी चार्जर और सोलर सोल्यूशन्स निर्माता सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो में अपने अत्याधुनिक ईवी चार्जर्स और सौर उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे है। इस एक्सपो में सर्वोटेक के स्टॉल का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने सोलर और ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के लिए अपनी उत्पाद लाइन का विस्तार करने में सर्वोटेक पावर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उद्घाटन के समय उपस्थित रहे। सर्वोटेक के संस्थापक और एमडी, रमन भाटिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का धन्यवाद करता हूं कि हमारे लिए इंडिया सोलर ईवी एक्सपो जैसा प्लेटफार्म दिया। गौरतलब है कि यह एक्सपो इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ग्राउंड में आयोजित की जा रही है जो 4 मार्च तक चलेगी।